पंजाब केसरी 25/02/2026

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में हुई जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता



गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में आयोजित जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों को सम्मानित करते आयोजक और प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। (चंद्रमोहन)

अम्बाला छावनी, 24 फरवरी (पंकेस): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का गरिमामय आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन अम्बाला छावनी नगरपरिषद की अध्यक्षा स्वर्ण कौर तथा कार्यकारी अधिकारी दविंदर नरवाल के नेतृत्व में किया गया। दोनों पदाधिकारियों के मार्गदर्शन एवं सक्रिय प्रयासों से यह प्रतियोगिता अत्यंत सुव्यवस्थित एवं प्रेरणादायक वातावरण में संपन्न हुई।

प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. रोहित दत्त की दूरदर्शी सोच एवं प्रेरणादायी मार्गदर्शन में किया गया। उनके विजन के अनुरूप इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रतिभा विकास, नेतृत्व क्षमता, रचनात्मक अभिव्यक्ति तथा प्रतिस्पर्धात्मक भावना को प्रोत्साहित करना रहा। खेल प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न विधाओं में अपनी योग्यता, ज्ञान एवं कौशल का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी मूल्यांकन प्रक्रिया अपनाई गई, जिसके आधार पर श्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन किया गया। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान प्रदान कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की गई।

अपने संबोधन में स्वर्ण कौर ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। दविंदर नरवाल ने प्रतिभागियों को निरंतर परिश्रम एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवाओं को अपनी क्षमताओं को पहचानने एवं निखारने का अवसर प्रदान करती हैं।

डॉ. रोहित दत्त ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उपलब्धि तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, सामाजिक जागरूकता एवं नैतिक मूल्यों के संवर्धन से भी जुड़ा है। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जी.एम.एन. कॉलेज सदैव विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। खेल प्रतियोगिता का संचालन डिस्ट्रिक्ट को-आर्डिनेटर ऋतु शर्मा द्वारा किया गया। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन, उत्साह एवं सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण बना रहा।